समाचार

तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कराया महापौर ने

(मारवाड़ी युवा महिला मंच '' जागृति '' एवं अग्रवाल महिला मण्डल कोरबा की अभिनव पहल)

कोरबा 16 मार्च 2016–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित स्वीमिंग पूल में 15 मार्च को तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कराया। मारवाड़ी युवा महिला मंच एवं अग्रवाल महिला मण्डल कोरबा द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दिए जाने की अभिनव पहल की गई।

मारवाड़ी युवा महिला मंच '' जागृति '' एवं अग्रवाल महिला मण्डल कोरबा के तत्वाधान में महिलाओं एवं बच्चों को सात दिन का तैराकी प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम बनाया गया है, इसके तहत निगम के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम स्थित स्वीमिंग पूल में महिलाओं एवं बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। 15 मार्च मंगलवार को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस मौके पर समाजसेविका मंगल बुधिया के साथ–साथ मारवाड़ी युवा महिला मंच एवं अग्रवाल महिला मण्डल की पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थी। इस मौके पर मंच की पदाधिकारियों व सदस्यओं ने महापौर श्रीमती अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने तैराकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं व बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा सफलतापूर्वक तैराकी सीखने व एक कुशल तैराक बनने की कामना की।

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित